>

Title: Situation arising out of ongoing Jat Andolan in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे अति लोक महत्व के प्रश्न पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस समय उत्तर प्रदेश और राजस्थान में जाट आंदोलन जबर्दस्त हो रहा है और यही नहीं सभापति महोदय, रेलवे की एक्सप्रेस गाड़ियां खासकर राजधानी, शताब्दी एक्सप्रेस, करीब 60-70 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया गया है और कुछ ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है, जिसमें मालगाड़ियां भी हैं। यह समय होली का भी है और लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ रहा है। यही नहीं रेलवे ट्रेक के अलावा तमाम सड़क मार्ग भी जाम पड़े हुए हैं। यहां तक कि रेलवे ट्रेक पर हमारे जाट भाई खाना बना रहे हैं, दूध निकाल रहे हैं और रात-दिन वहीं पर पड़े हुए हैं। यह मामला बहुत गंभीर है और प्रदेश की मुख्य मंत्री जी ने प्रेस कांफ्रेंस करके समर्थन दिया है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर मुख्य मंत्री बहन मायावती जी इतनी गंभीर है तो तत्काल विशेष सत्र विधान सभा का बुलाकर वहां से प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे।

जहां तक समाजवादी पार्टी का सवाल है तो समाजवादी पार्टी इसका पुरजोर समर्थन करती है कि हमारे जाट भाइयों को आरक्षण दिया जाए। मैं माननीय मंत्री जी से और केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि तत्काल केन्द्र सरकार पहल करे और नेताओं को बुलाकर वार्ता करे, जिससे एक शांतिपूर्ण समाधान निकले और उन्हें आरक्षण प्राप्त हो। धन्यवाद।

सभापति महोदय : डॉ. राजन सुशान्त का नाम श्री शैलेन्द्र कुमार के विषय के साथ एसोसिएट किया जाता है।